# नौकरी का विवरण – इम्पैक्ट सहायक

| | |
|---|---|
| **पद** | इम्पैक्ट सहायक |
| **स्थान** | जिला कार्यलय |
| **नौकरी के प्रकार** | नवीकरणीय निश्चित अवधि तक अनुबंध |
| **रिपोर्ट के लिए** | जिला इम्पैक्ट सहायक |
| **कार्यात्मक रिपोर्ट** | नहीं |
| **नौकरी का स्तर** | जुनियर |

**संस्था के बारें में:**

2007 में स्थापित, एजुकेट गर्ल्स 'एक गैर-लाभकारी संस्था है जो भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा के लिए समुदायों को संगठित करने पर केंद्रित है।

'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' या 'समग्र शिक्षा' के साथ मजबूती से जुड़ा, एजुकेट गर्ल्स बच्चों, विशेष रूप से युवा लड़कियों के लिए प्राथमिक शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए सरकार के दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है।

एजुकेट गर्ल्स वर्तमान में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 20,000 से अधिक गांवों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। स्कूलों में सरकार के मौजूदा निवेश का लाभ उठाकर और सामुदायिक स्वयंसेवकों के विशाल आधार के साथ जुड़कर, एजुकेट गर्ल्स स्कूल से बाहर की लड़कियों की पहचान करने, नामांकन करने और उन्हें बनाए रखने में मदद करती है और सभी बच्चों के लिए साक्षरता और संख्यात्मकता में मूलभूत कौशल में सुधार करती है।

**संस्था के बारें में अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर जाए: www.educategirls.ngo**

**हमारा मुल्य:**

| | |
|---|---|
| लिंग समानता | हम पुरुषों और महिलाओं के बीच भेद-भाव नहीं करेंगे तथा लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति की काबिलियत का फैसला नहीं करेंगे. हम सभी को समान अवसर देंगे और किसी भी प्रकार के लिंग संबंधित भेद-भाव को बर्दाश्त नहीं करेंगे |
| सत्यनिष्ठा | हम पूरी ईमानदारी के साथ अपनी सारी गतिविधियां करेंगे। नैतिकता पर कोई समझौता नहीं करेंगे और अपनी बातों और कार्यों की ज़िम्मेदारी लेते हुए सभी हितधारकों के बीच विश्वास की भावना को प्रेरित करेंगे। |
| समानुभूति | हम अपने हितधारकों की चिंताओं को समझने का प्रयास करेंगे और उनके साथ विशिष्ट एवं अहम व्यक्ति के रूप में व्यवहार करेंगे। |

| | |
|---|---|
| सामंजस्य | हम हमेशा सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि हमारा सांझा ज्ञान बढ़ सके और हमारे प्रयासों को अहमियत मिल सके। शानदार परिणाम प्राप्त करने के लिए टीम-वर्क बेहद आवश्यक। |
| उत्कृष्टता | हम निरंतर खोजपरक तरीकों को अपनाकर और एक व्यक्ति एवं संगठन के रूप में सुधार के लिए फीडबैक सांझा कर गुणवत्तायुक्त परिणाम प्राप्त करेंगे। |

**हमारी क्षमताएं:**

| | | |
|---|---|---|
| **रणनीतिक सोच** – बड़ा सोचे और केंद्रित करें | **स्वामित्व लेना –** जिम्मेदार और जवाबदेह महसूस करना | **विश्लेषणात्मक सोच** – अपने त्थय के प्रति सच्चे रहें |
| **प्रतिभा विकसित करना** - लोगों को बढ़ाना और साथ में लेना | **गठबंधन सुनिश्चित करना** - अलग सोचें लेकिन काम करें साथ में | |

**नौकरी का वर्णन:**

**नौकरी के संदर्भ में विवरण:**

इम्पैक्ट सहायक को निगरानी और मूल्यांकन के उद्देश्य के लिए आवश्यक तथ्य एकत्र और विश्लेषण करना है, जिले में कार्यक्रम निगरानी गतिविधियों के कार्यान्वियन के लिए इम्पैक्ट अधिकारी का समर्थन करना है। स्थिति के संदर्भ में विशेष रूप से ब्लॉक और गांवों में परिचालन क्षेत्रों में गहन यात्रा शामिल है। यह कार्यक्रम संबंधी आवश्यकता के आधार पर समय का 50-60% तक हो सकता है।

**जिम्मेदारी के क्षेत्र:**

कार्यक्रम योजना और निगरानी, क्षेत्र के दौरे और रिपोर्टिंग के लिए सहायता

## कार्यक्रम योजना और समीक्षा

- टीम बालिका वार्षिक योजना का संकलन (गाँव, क्लस्टर, ब्लॉक, जिला स्तर पर संकलन) वर्ष में एक बार उनके आवंटित गांवों के लिए।
- वार्षिक योजना की मासिक एवं त्रैमासिक आधार पर समीक्षा, इम्पैक्ट अधिकारी एवं जिला प्रबंधक को मासिक आधार पर उनके आवंटित गांवों की रिपोर्ट

## कार्यक्रम की तथ्य संग्रह की निगरानी

- आधारभूत, नामांकन, प्रतिधारण, सीखने का मूल्यांकन, आदि जैसे विभिन्न तथ्य एकत्र करने में फील्ड स्टॉफ को प्रशिक्षित करने के लिए इम्पैक्ट सहायक की सहायता करना

- उपरोक्त श्रेणियों में फील्ड स्टाफ (नमूना आधार पर) द्वारा एकत्र किए गए तथ्य को उनके आवंटित क्षेत्र के सत्यापन के लिए क्रॉस वेरीफाई करना।
- निगरानी के सत्यापन और नियामावली मिलान के माध्यम से एमआईएस प्रणाली पर ब्लॉक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जानकारी की स्वीकृति।
- ऑनलाइन/ऑफलाइन एमआईएस पर डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा की गई डाटा एंट्री की निगरानी करें।

**कार्यक्रम प्रक्रिया की निगरानी:**

- घटनास्थल की जांच के माध्यम से उनके आवंटित क्षेत्र में योजनानुसार स्कूल प्रबंधन समितियों, मोहल्ला बैठक, ग्राम शिक्षा सभा, बाल सभा और एसआईपी की प्रक्रिया की सत्यापन और जाँच
- जीकेपी (ज्ञान का पिटारा) कक्षा अवलोकन स्कूलों का दौरा
- आवंटित क्षेत्र में प्रक्रिया सत्यापन के लिए क्षेत्र का दौरा
- विकासखंड में बीओ/एफसी की साप्ताहिक बैठकों में भाग लें

**अन्य कार्यों के लिए समर्थन:**

- कार्यक्रम टीम द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों में भागीदारी
- कार्यक्रम की गतिविधियों की निगरानी के लिए क्षेत्र का दौरा
- दाता यात्राओं का प्रबंध
- मोबाइल लॉगिन, मोबाइल डेटा संग्रह आदि के बाहरी भूमिका में आईटी समूह को सहायता

**रिपोर्टिंग:**

- जिला स्तरीय रिपोर्ट और प्रस्तुतीकरण के संकलन में इम्पैक्ट सहायक की सहायता करना
- जिला मासिक समीक्षा बैठकों में भाग लें।

**शैक्षणिक योग्यता:**
अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, सामाजिक विज्ञान या संबंधित क्षेत्र में स्नातक

**कार्य अनुभव:**

न्यूनतम 2-3 वर्ष का अनुभव

**कौशल श्रेणी:**

- कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट (वांछनीय)

- कंप्यूटर, विंडोज और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट) का अच्छा ज्ञान
- हिंदी में उत्कृष्ट, अंग्रेजी में अच्छा
- स्थानीय भाषा का ज्ञान

"एजुकेट गर्ल्स अपने कर्मचारियों में 50/50 लिंग संतुलन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला उम्मीदवारों को इस पद के लिए आवेदन करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।"